





नवभारत
भोपाल, सोमवार 15 जून, 2026


## एक नजर में

### कांग्रेस की विशाल रैली एवं आमसभा आज

**जीरापुर 14 जून, सं.** जिला इंकाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक विशाल आंदोलन और ट्रैक्टर रैली एवं आमसभा का आयोजन आज प्रातः 11 बजे से रखा गया है. इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा वर्तमान समय में किसानों को आ रही खाद की भारी समस्या. अघोषित और लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशानी. क्षेत्र में गहराती पेयजल की समस्या जैसे अहम मुद्दों को लेकर यह रैली निकाली जाएगी. समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और किसान भाइयों से पार्टी ने अधिक से अधिक संख्या में अपने-अपने ट्रैक्टर लेकर आने का आव्हान किया और अन्नदाताओं के हक की इस लड़ाई को मजबूत बनाएं.

### कुम्भकार का प्रथम कृति प्रकाशन में चयन



**ब्यावरा 14 जून, का.** क्षेत्र के युवा कवि एवं साहित्यकार राहुल कुम्भकार ने साहित्य जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. उनकी पाण्डुलिपि का चयन मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, संस्कृति परिषद एवं साहित्य अकादमी द्वारा संचालित प्रतिष्ठित प्रथम कृति प्रकाशन योजना के अंतर्गत प्रकाशन हेतु किया गया है. प्रदेशभर से प्राप्त अनेक पाण्डुलिपियों में से चयनित श्रेष्ठ 40 पाण्डुलिपियों में राहुल कुम्भकार की पाण्डुलिपि को भी स्थान मिला है. गौरतलब है कि प्रथम कृति प्रकाशन योजना का उद्देश्य नवोदित एवं प्रतिभाशाली साहित्यकारों को मंच प्रदान करना तथा उनकी रचनाओं को पुस्तक रूप में प्रकाशित कर व्यापक पाठक वर्ग तक पहुँचाना है. कुम्भकार की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के साहित्यकारों, इष्टमित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है.

### टीनशेड निर्माण का भूमि पूजन किया

**सारंगपुर 14 जून, सं.** फूल माली समाज धर्मशाला मोहल्ला खरिया में टीनशेड निर्माण कार्य के भूमि पूजन में पंचायत अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद, फूल माली समाज अध्यक्ष शिवनारायण काका के द्वारा भूमि पूजन किया गया. इस अवसर पर कीड़ी पंचायत अध्यक्ष प्रेम नारायण पुष्पद, भेरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद, पछेट वाडी अध्यक्ष कैलाश भगत, रंगेरवाडी के पूर्व अध्यक्ष दौलत राम पुष्पद, फूल माली समाज जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद, जिला उपाध्यक्ष एवं खारिया पंचायत सचिव रामेश्वर पुष्पद, दिनेश पटेल, मांगीलाल पुष्पद, अशोक पुष्पद, फूल माली समाज सचिव गोरेलाल पुष्पद, पूर्व पार्षद, रमेश कंपू, बाबूलाल पुष्पद, रामनारायण पुष्पद सहित पांचो मोहल्ले के समाज के सदस्य मौजूद रहे.


**भवन किराए से देना है**

दो मंजिला भवन जिसमें विवेकानंद स्कूल लगता था- नगर पालिका ब्यावरा के पास, किराए से देना है.

**सम्पर्क सूत्र**
**9425445070,9425442605**
**8770316855**

*बिल- 16 जून*


# हादसे के बाद बेकाबू ट्रक, पहियों में कुचलकर युवक की मौत

## ब्यावरा बस स्टेण्ड पर टक्कर के बाद ट्रक के नीचे आया बाईक सवार, पहियों के नीचे आने से धड़ क्षत विक्षत हुआ



**बस स्टेण्ड शराब दुकान के सामने रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई. अपने गांव की ओर जा रहा युवक ट्रक के नीचे आकर करीब 100 मीटर तक घिसटाया जिससे कमर के ऊपर का हिस्सा कुचकर पूरी तरह क्षत विक्षत हो गया.**

### हादसे के बाद ट्रक चालक फरार, भाग रहे क्लीनर को लोगों ने पकड़ा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 14 जून, का. नगर के बस स्टेण्ड स्थित शराब दुकान सामने शहर में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक की जान चली गई. युवक बस स्टेण्ड से अपने गांव की ओर जा रहा था तभी सड़क पर उसी दिशा में जा रहे ट्रक से वह टकरा गई. टक्कर के बाद युवक ट्रक के नीचे आ गया और करीब 100 मीटर तक पहियों में घिसटता चला गया. इसके चलते युवक के शरीर के कमर के ऊपर का भाग कईं हिस्सों में कुचकर पूरी तरह क्षत विक्षत हो गया.**

हादसे के दौरान लोग ट्रक चालक को रोकने के लिए भागे लेकिन ट्रक नहीं रोका. कुछ दूरी पर जाकर चालक ने ट्रक रोका और भाग गया. भीड़ ने ट्रक से भागने का प्रयास कर रहे क्लीनर को घेर लिया और पुलिस के हवाले कर दिया.

### चाय पीकर घर लौट रहा था मृतक

भीषण सड़क हादसे में ग्राम अरनिया निवासी मांगीलाल की मौत हो गई. शहीद भरथरे बस स्टैंड के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. मांगीलाल बस स्टेण्ड पर चाय पीकर अपनी बाईक से शहर की तरफ आ रहे थे. टक्कर लगने के बाद वे सड़क पर गिरे और ट्रक के नीचे आ गए. जब तक ट्रक रुका, तब तक मांगीलाल का शरीर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था और उनका शव ट्रक के पिछले दो पहियों के बीच फंसा हुआ था. हादसे की खबर जैसे ही उनके गांव अरनिया पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया. सूचना मिलते ही परिजन और अन्य ग्रामीण रोते-बिलखते अस्पताल पहुंच गए.



### सिरोंज निवासी ड्रायवर फरार, शव का पीएम कराया

रविवार सुबह रोज की तरह बस स्टेण्ड पर लोगों और यात्रियों की आवाजाही शुरू हो गई थी. दुर्घटना के बाद वहां मौजूद लोग ट्रक के आसपास जमा हो गए. कुछ लोग ट्रक के पीछे भी भागे. सूचना मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को पहियों के बीच से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया. घटना को अंजाम देने के बाद सिरोंज निवासी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है.

### भारी वाहन बदस्तूर शहर के भीतर आ रहे

हादसों को रोकने के लिए भारी वाहनों को शहर के बाहर से प्रवेश करने के निर्देश है. इसके बावजूद ट्रक आदि शहर के भीतर प्रवेश कर रहे है. बस स्टेण्ड के आसपास दिन के समय भारी भीड़ के बीच भी ट्रक सामान लादकर निकलते है. कईं बार इनके कारण जाम भी लग जाते है. रविवार को हुए हादसे ने एक बार फिर से सोचने पर मजबूर किया है कि व्यवस्थाओं और हादसों की जिम्मेदारी किसकी होनी चाहिए.

### फिर ये विशाल बायपास क्यों बनाए है

भारी वाहनों को शहर के बाहर से निकालने के लिए ब्यावरा के चारों ओर बायपास (सुठालिया नवीन बायपास सहित) बनाए गए हैं. इसके बावजूद ट्रक, ट्राले और अन्य भारी वाहन बेखौफ होकर बस स्टैंड, ओल्ड एबी रोड और बाजार जैसे व्यस्त इलाकों से गुजर रहे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन यदि भारी वाहनों की नो-एंट्री का सख्ती से पालन कराता, तो यह हादसा टाला जा सकता था.

### विद्यार्थी बेझिझक लें प्रवेश

**ब्यावरा 14 जून, का.** मध्य प्रदेश में कुछ समय पूर्व सीबीआई द्वारा की गई नर्सिंग कॉलेजों की जांच के बाद, प्रभावित विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मध्य प्रदेश नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल, भोपाल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. सत्र 2022-23 में जो नर्सिंग संस्थाएं सीबीआई जांच में अनसूटेबल (अयोग्य) पाई गई थीं, उन कॉलेजों के विद्यार्थियों को अब सूटेबल (योग्य) कॉलेजों में शिफ्ट किया जा रहा है. इसके लिए 13 जून से 20 जून तक ऑनलाइन काउंसिलिंग और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. विद्यार्थियों के लिए राहत की बात यह है कि राजगढ़ जिले में भी छात्रों को ट्रांसफर के लिए एक सुरक्षित विकल्प मिल रहा है. राजगढ़ जिले में सिर्फ निर्विन्ध्या नर्सिंग महाविद्यालय ही एकमात्र ऐसी संस्था है, जो सीबीआई जांच में पूरी तरह सूटेबल (योग्य) पाई गई है. प्रभावित छात्र ऑनलाइन काउंसिलिंग के दौरान रजिस्ट्रेशन करते समय राजगढ़ जिले के इस कॉलेज का चयन कर अपनी पढ़ाई बिना किसी बाधा के जारी रख सकते हैं. यदि विद्यार्थियों को काउंसिलिंग, रजिस्ट्रेशन या कॉलेज चयन की प्रक्रिया में कोई भी समस्या आ रही है, तो वे सीधे कॉलेज परिसर में जाकर संपर्क कर सकते हैं अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी निर्विन्ध्या नर्सिंग महाविद्यालय अभयपुर रोड़ ग्राम कटारिया खेड़ी तहसील ब्यावरा से संपर्क कर सकते हैं.

# 12 साल का संकल्प, पौधे लगाकर मनाया जन्मदिन



नवभारत न्यूज

**पडाना 14 जून, सं. पीएम मोदी के सफलतम 12 वर्ष पूरे होने पर रविवार को ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं वीर शिवाजी संगठन के संयुक्त तत्वाधान में समीप ग्राम ढाकनी के शिवाजी पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान संगठन की सक्रिय सदस्य मुस्कान प्रजापति और पलक प्रजापति का जन्मदिन भी पौधारोपण कर मनाया गया.**

संगठन के वरिष्ठ सदस्य संजय प्रजापति ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से सदस्य बिना किसी सरकारी मदद के शिवाजी पार्क में सेवा कर रहे हैं. रोजाना 2 घंटे पौधों को पानी देना, खाद डालना, छंटाई और पार्क की सफाई करते है. उनके अथक प्रयास से आज पार्क में करीब 200 पौधे विशाल पेड़ बनकर छाया और ऑक्सीजन दे रहे हैं.

**बच्चों को सौंपी पर्यावरण की मशाल** - हर रविवार को विशेष अभियान चलाया जाता है. इसमें क्षेत्र के बच्चों को बुलाकर उनके साथ 2 घंटे श्रमदान और वृक्षारोपण कराया जाता है. खेल-खेल में ही बच्चों को पेड़-पौधों का महत्व और जीव-दया सिखाई जाती है. संगठन ने फिजूलखर्ची रोककर एक नई परंपरा शुरू की है. सदस्य या उनके परिवार में जब भी किसी का जन्मदिन होता है तो केक काटने की बजाय शिवाजी पार्क में एक पौधा लगाया जाता है. संजय प्रजापति ने कहा कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और निस्वार्थ भाव हो तो एक छोटा समूह भी पर्यावरण में बड़ा बदलाव ला सकता है. शिवाजी पार्क आज इसी का जीता-जागता उदाहरण है.

### चौपाल ग्रुप द्वारा सक्सेना का सम्मान

**राजगढ़ 14 जून, सं.** जिले के साहित्यकार संजय सक्सेना की कृति को प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार हेतु चयनित किए जाने पर राजगढ़ चौपाल ग्रुप द्वारा उनका सम्मान किया गया. शायर शाहिद प्रहरी ने इस सम्मान को जिले के लिए गौरव बताया. राजगढ़ चौपाल संयोजक मनोज हाडा, चौपाल साथी मुकेश विजयवर्गीय, भगवान सिंह राणावत, जितेंद्र श्रीवास्तव, अरुण पांडे, बलराम खटनावलिया, नाहिद खान, कमल सिंह बामलाबे, राकेश गुप्ता, गोटू शर्मा, रामफल यादव सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे.

# व्यास गादी से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## श्रीराम मांगलिक भवन रंगेरवाड़ी सारंगपुर मे चल रही भागवत कथा

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 14 जून, सं. दुनिया चाहे कुछ भी कहे, हमें हमारे लक्ष्य से नही भटकना चाहिए. अपने लक्ष्य से न भटकना सफलता की सबसे पहली और महत्वपूर्ण कुंजी है. स्थिर ध्यान और निरंतर प्रयास से सफलता जरूर मिलती है. उक्त कथन श्रीराम मांगलिक भवन रंगेरवाड़ी सारंगपुर मे चल रही भागवत कथा के छठवे दिन शनिवार रात्रि को कथा वाचक आचार्य रामप्रसाद व्यास ने कहे.**



श्रीकृष्ण ने रुकमणी का हरण कर उनसे विवाह किया था. साथ ही भागवत कथा के दौरान कथा वाचक आचार्य व्यास ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया. इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रुपल प्रमोद सादानी, वरिष्ठ पेंसनर प्रेम शंकर पाण्डेय, जयहिंद प्रकाश दुबे, सत्य नारायण शर्मा, पर्यावरण प्रेमी नंद किशोर सोनी, लक्ष्मी नारायण त्रिकार, वरिष्ठ अभिभाषक ओम प्रकाश विजयवर्गीय, सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष आशुतोष वैद्य, नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, समाज सेवी केशव लाल राठौर, राजेंद्र पालीवाल, महेश पाटीदार सहित कई श्रद्धालु शामिल हुए.

# दिव्यांगजन स्वास्थ्य शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 14 जून, का.** जनकल्याण शिविर के अंतर्गत खिलचीपुर में तीसरे दिवस एडीआईपी योजना के तहत दिव्यांगजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन एवं पंजीयन की प्रक्रिया संपादित की गई. शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा दिव्यांगजनों की जांच कर उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई. साथ ही पात्र हितग्राहियों को कृत्रिम अंग, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र एवं अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई. जनकल्याण शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं विभिन्न शासकीय सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है. शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं उनके परिजन उपस्थित रहे.





**कुरावर.** नगर सहित आस पास के ग्रामीण ईलाकों में रविवार को तेज बारिश हुई जिससे मौसम सुहावना हो गया.

**प्रशिक्षण** भौतिकी, रसायन और जीवविज्ञान के प्रयोगों से शिक्षकों में दिखी बच्चों जैसी खुशी

# विज्ञान प्रशिक्षण में 150 शिक्षकों ने सीखे प्रैक्टिकल के गुण

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 14 जून, का. राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान भोपाल के मार्गदर्शन में किया गया. आयोजन राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान भोपाल के मार्गदर्शन में डाईट राजगढ़ के माध्यम से पीएम श्री कन्या उ मा विद्यालय ब्यावरा में जिले के हायर सेकेंडरी स्कूल में जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान विषय शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण का आज समापन हुआ.**



डायट प्राचार्य शीला पाटोदिया तथा नोडल अधिकारी प्राचार्य नाथू सिंह सिकरवार ने 8 जून को विषय वार प्रशिक्षण का शुभारंभ किया था. यह प्रशिक्षण राज्य शैक्षणिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान भोपाल के मार्गदर्शन मे किया गया. प्रशिक्षण में भौतिकी, रसायनशास्त्र और जीवविज्ञान विषय के 150 शिक्षकों ने प्रायोगिक कार्य की बारीकियां सीखीं.

समापन सत्र डीइओ करण सिंह भिलाला, डाइट प्राचार्य श्रीमती शीला पाटोदिया, डाइट लेक्चरर सुश्री सोना अवस्थी, प्रशिक्षण नोडल नाथू सिंह सिकरवार, आदि अधिकारियों ने शिक्षकों से आह्वान किया कि लैब को सिर्फ शोपीस न बनाएं, हर टॉपिक को प्रयोग से जोड़कर पढ़ाएं ताकि बच्चों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़े. प्रयोग करते समय शिक्षक भी बने बच्चे प्रशिक्षण के दौरान भौतिकी के न्यूटन के नियम, प्रकाश, विद्युत के प्रयोग, रसायन में अनुमापन, लवण विश्लेषण और जीवविज्ञान में सूक्ष्मदर्शी से स्लाइड देखना, पादप जंतु कोशिका अध्ययन जैसे प्रयोग कराए गए.

एनसीईआरटी की गतिविधि आधारित लर्निंग को कैसे कक्षा में लागू करें, इस पर विशेष फोकस रहा. इससे विज्ञान विषय का डर भी खत्म होगा और रिजल्ट भी सुधरेगा. मास्टर ट्रेनर के रूप में भौतिक शास्त्र में गोपाल दांगी, कमलेश कुमार कटियार, जीवविज्ञान श्रीमती परवीन नईम व धर्मेंद्र मझवार तथा रसायन शास्त्र में अनिल पुष्पद व श्रीनाथ दांगी ने तीनों दिन सत्र लिए.

# सफाई के लिए टोकना वृद्ध ड्रायवर को भारी पड़ा

## तीन लोगों ने की मारपीट, थाने पहुंचा मामला

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 14 जून, का. शहर में स्वच्छता को लेकर टोकना एक बुजुर्ग को भारी पड़ गया. घर के सामने बाथरूम करने से मना करने पर उद्यानिकी विभाग के रिटायर्ड ड्राइवर के साथ तीन लोगों ने जमकर मारपीट कर दी. आरोपियों ने बुजुर्ग को घर से खींचकर सड़क पर पटक दिया और डंडे व लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया.**

सिटी पुलिस के अनुसार अहिंसा द्वार के पास रहने वाले 70 वर्षीय इल्यास बेग ने शिकायत दर्ज कराई है कि पड़ोसी शहजाद खान आए दिन उनके घर के सामने बाथरूम करता था. शनिवार सुबह 11 बजे भी ऐसा करने पर उन्होंने उसे टोका था. इसी बात से नाराज होकर शहजाद का बेटा अलीम उनके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा.

विरोध करने पर उसने इल्यास बेग को घर से बाहर खींचकर सड़क पर पटक दिया. कुछ ही देर में शहजाद खान और उसका भतीजा अदनान भी वहां पहुंच गए. तीनों ने मिलकर बुजुर्ग पर लात-घूंसों, डंडों और रॉड से हमला कर दिया. शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया. इसके बाद घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है. सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है.